हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 25 जून 2024

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री



12 वन मंत्री ने दी 8 करोड़ 52 लाख के 54 विकास कार्यों की ....





13 तालाब के आउटलेट में जमा कचरा बस्तीवासियों ...






## खबर संक्षेप

### आपातकाल की बरसी आज

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी देश में कांग्रेस द्वारा लगाये गये आपातकाल की बरसी 25 जून को काला दिवस के रूप में मनाएगी। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में मंगलवार दोपहर 2 बजे आपातकाल काला दिवस कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव शामिल रहेंगे। जिलाध्यक्ष रूपसिंह मंडावी ने यह जानकारी दी।

### स्वास्थ्य कर्मियों की हड़ताल स्थगित

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष एवं उपप्रातांध्यक्ष अजय प्रताप सिंह परिहार ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी प्रकोष्ठ के 3 सूत्रीय मांगों के संबंध में चर्चा के लिए मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं अन्य अधिकारियों के समक्ष बुलाया गया था। जिस पर तीन सूत्रीय मांगों पर सार्थक चर्चा की गई। जिसके उपरांत संगठन द्वारा 4 दिवस से चल रहा आंदोलन को स्थगित कर दिया गया है।

### सार्वजनिक शराबखोरी के मामले में 6 पकड़ाए

**कांकेर।** पखांजुर पुलिस ने 22 जून को अलग अलग जगहों पर छापामार कार्यवाही करते हुए शराब पीने की अवैध रूप से सुविधा देने और सार्वजनिक स्थल पर शराब का सेवन करने वालो को पकड़ा और उनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। पखांजुर थानांतर्गत ग्रांम पीव्ही 125 निवासी 38 वर्षीय अमलराय पिता सुदर्शन को पुलिस ने 22 मई को शाम करीबन साढ़े 7 बजे अन्य लोगों को अवैध रूप से शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराते हुए पकड़ा। पीव्ही 125 निवासी रबिन मंडल पिता गणेश को 22 जून की शाम 6 बजें अवैध रूप से अन्य लोगो को शराब पिलाते हुए पकड़ा। पीव्ही 126 निवासी 28 वर्षीय अमित दास पिता अजय, पीव्ही 20 गोण्डाहूर निवासी 22 वर्षीय गुरूचंद विश्वास पिता अनंत, पीव्ही 126 निवासी 50 वर्षीय बुदिध सरकार पिता सुधन को और पीव्ही 25 निवासी 32 वर्षीय औरंग मंडल पिता मनोरंजन को पुलिस ने 22 जून की रात 9 बजें पीव्ही 32 में सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करते पकड़ा गया।

### कलेक्टोरेट परिसर में 90 दिनों तक धारा 144 लागू

**कांकेर।** कलेक्ट्रेट परिसर तथा परिसर के आसपास लोक शांति एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी निलेश महादेव क्षीरसागर ने 20 जून से 17 सितंबर 2024 कुल 90 दिवस तक की अवधि के लिए धारा 144 लागू कर दी है। भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 (1) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी क्षीरसागर ने कलेक्ट्रेट परिसर एवं इसके आसपास 200 मीटर की दूरी में किसी भी प्रकार का धरना, प्रदर्शन, सभा, रैली, जुलूस, नारेबाजी के लिए उक्त अवधि के लिए पूर्णतः प्रतिबंधित किया है।

### प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 28 को

**कांकेर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कांकेर में 28 जून को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक एक दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा, जिसमें निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा कुल 339 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी।

### मृतक के आश्रितों के लिए आर्थिक सहायता स्वीकृत

**कांकेर।** राज्य एवं केन्द्रीय शासन की पुनर्वास योजना अंतर्गत जिले के कोयलीबेड़ा थाना अंतर्गत ग्राम जुगड़ा में सनकू राम गोटा का माओवादियों के द्वारा हत्या कर दी गई थी। कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर द्वारा मृतक की आश्रित आनोतीन को पांच लाख रूपए की क्षतिपूर्ति सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# कोबरा हेडक्वार्टर में शहीदों को अंतिम सलामी के बाद शव गृहग्राम रवाना

## नक्सलियों की उल्टी गिनती शुरू, संगठन को जड़ से किया जाएगा खत्म : आईजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुकमा के सिलगेर में आईईडी विस्फोट में शहीद जवानों को सोमवार सुबह करनपुर स्थित कोबरा हेडक्वार्टर में अंतिम सलामी के बाद गृहग्राम के लिए शव रवाना किया गया। इस दौरान डीजीपी, एडीजीपी के अलावा सीआरपीएफ के अधिकारियों ने कंधा देकर नम आखों से दोनों शहीद जवानों के शव को ससम्मान गृहग्राम के लिए रवाना किया।

जवानों की विदाई के दौरान करनपुर में मौजूद आईजी सुंदरराज पी ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि नक्सलियों की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। जल्द ही संगठन को जड़ से खत्म किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में अब तक माओवादियों के खिलाफ किए गए कार्रवाई में नक्सल संगठन को भारी क्षति हुई है। यही वजह है कि बौखलाहट में माओवादियों द्वारा आईईडी विस्फोट के माध्यम से निर्दोष ग्रामीण एवं सुरक्षा बल के सदस्यों को निशाना बनाया जा रहा है। गौरतलब है कि सुकमा जिले के सिलगेर में स्थित सुरक्षा कैंप से 201 कोबरा बटालियन की एडवांस पार्टी का मुव्हमेंट आरओपी ड्यूटी के दौरान ट्रक और मोटर सायकल से कैंप टेकलगुडेम की ओर जा रहा था। इसी दौरान नक्सलियों ने सुरक्षाबल के जवानों को निशाना बनाते हुए आईईडी ब्लास्ट किया। ब्लास्ट की चपेट में ट्रक आया जिसमें टेकलगुड़ेम ▶▶| शेष पेज 12 पर



### श्रद्धांजलि देने चित्रकोट विधायक समेत आला अफसर रहे मौजूद

करनपुर में सुबह लगभग 8 बजे दोनों शहीद जवानों को अंतिम सलामी दी गई। इस दौरान चित्रकोट विधायक विनायक गोयल के अलावा डीजीपी अशोक जुनेजा, एडीजीपी विवेकानन्द सिन्हा, आईजी कोबरा राजेश खुराना, आईजी सीआरपीएफ साकेत कुमार, आईजी बस्तर सुन्दरराज पी, कलेक्टर विजय दयाराम के, एसपी शलभ कुमार सिन्हा समेत अधिकारी मौजूद रहे।



## मुख्य परीक्षा में एक विषय में मिले थे 72 अंक जो हो गए 95

# पुनर्मूल्यांकन के बाद 12वीं की पुष्पा यादव बस्तर जिले की बन गई टॉपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय माड़पाल की कक्षा 12 वीं की छात्रा पुष्पा यादव ने पुनर्मूल्यांकन के बाद 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बस्तर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया है। पूर्व घोषित परिणाम में पुष्पा को 87.6 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए थे, जिससे वह संतुष्ट नहीं थीं। उन्होंने खराब मूल्यांकन के कारण अपनी शुरुआती खुशी खो दी थी, लेकिन पुनर्मूल्यांकन के बाद एक ही विषय में 5 प्रतिशत अंक बढ़ गए उसे औद्योगिक संगठन विषय में 72 अंक प्राप्त हुए थे जो पुनर्मूल्यांकन में 95 हो गए। इस तरह 23 अंक बढ़ने से वह टॉपर बन गई। पहले प्राइवेट स्कूल मारीगुड़ा की छात्रा गुनगुन चंदेल 90.6 अंक प्राप्त कर मेरिट में प्रथम आई थी। जबकि पुष्पा यादव सरकारी स्कूल माड़पाल की छात्रा है जहां प्राइवेट स्कूल की तुलना में सुविधाएं और पढ़ाई का वातावरण कम होता है। किसान की बेटी होने के कारण घर का माहौल भी अनुकूल नहीं था। बावजूद होनहार छात्रा पुष्पा की पढ़ाई के प्रति ललक और मेहनत के कारण वह टॉपर बनी।

- किसान की बेटी पुष्पा कानून की पढ़ाई कर करेगी परिवार और गरीबों की सहायता

मुख्य परीक्षा के मूल्यांकन में लापरवाही से पुष्पा को मिला था तीसरा स्थान



विद्यालय के प्राचार्य अशोक यादव ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि जब 9वीं क्लास में आई थी। तब 8वीं में उसके अंक देखकर और उसको पढ़ाने वाले शिक्षकों ने कहा था कि वह काफी होनहार है और अभाव के बावजूद लगन से पढ़ाई करती है। प्राचार्य का यह भी कहना है कि औद्योगिक संगठन विषय जिसमें उसे 72 अंक मिले थे उसे देखकर वह निराश हो गई थी और कहा था कि जब मैंने 100 अंक का पेपर पूरा बनाया था तो फिर मुझे पूरा अंक मिलना था। ऐसा हो ही नहीं सकता इसमें जांच के दौरान लापरवाही हुई होगी। उसके आत्मविश्वास को देखकर शाला के शिक्षक अनुपम सरकार ने पुनर्मूल्यांकन में उसकी पूरी मदद की और उसका हौसला बढ़ाया। यही कारण है कि एक ही विषय में 23 अंक बढ़ गए। यदि पुष्पा दूसरे विषय का भी पूनर्मूल्यांकन कराती तो उसमें भी उसके अंक जरूर बढ़ते।

### मूल्यांकन की प्रक्रिया में सुधार की जरूरत

पुष्पा ने हरिभूमि से कहा कि शुरुआती परिणाम आने पर कम अंक देखकर मुझे लगा कि इसमें गड़बड़ी जरूर है। जितनी मेहनत मैंने की है उसके अनुसार अंक नहीं मिला था। पुनर्मूल्यांकन के बाद मेरे अंक बढ़े और बस्तर जिले में टॉपर होने पर मैं बहुत खुश हूं। प्राचार्य ने कहा कि पुष्पा की सफलता पूरे विद्यालय के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि मूल्यांकन की प्रक्रिया में सुधार की आवश्यकता है ताकि भविष्य में किसी अन्य छात्र-छात्रा को ऐसी स्थिति का सामना न करना पड़े। इस घटना ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि सही निर्णय और मेहनत का फल हमेशा मीठा होता है। पुष्पा यादव की इस सफलता से उनके परिवार, स्कूल और गांव में खुशी की लहर है।

### कानून की पढ़ाई कर ग्रामीणों की मदद की इच्छा

पुष्पा ने कहा कि बचपन से मैं देख रही हूं मेरे परिवार वाले और गांव के लोग जमीन संबंधी मामलों के कारण सालों से कोर्ट कचहरी का चक्कर लगा रहे हैं। इसीलिए मेरे मन में कानून की पढ़ाई करने की इच्छा है। 12वीं के बाद पीजी कॉलेज धरमपुरा में बीकॉम करूंगी और फिर एलएलबी का इरादा है। 3 भाई बहनों में बड़ी बहन कॉलेज की पढ़ाई और छोटा भाई 9वीं क्लास में पढ़ रहा है।

# 5 किलो के आईईडी को मौके पर ही किया गया निष्क्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पुलिस उप महानिरीक्षक रेंज बीजापुर से प्राप्त आदेश पर 222 बटालियन की ए कंपनी संजय कुमार सहायक कमांडेंट के नेतृत्व में सोमवार को पालनार कैम्प से चेरपाल की ओर डिमाइनिंग ड्यूटी के लिए सुबह 7.05 बजे निकली थी। ड्यूटी के दौरान ए/222 के सि/जीडी राजकिशोर डी.एस.एम.डी हैण्डलर को पालनार कैम्प से उत्तर-पश्चिम दिशा की तरफ चेरपाल-पालनार रोड से 200 मीटर पूर्व दिशा में जमीन में कुछ संदिग्ध वस्तु दिखाई दिया। जिसमें आईईडी लगी होने का संदेह हुआ। सभी जवानों को अलर्ट कर दिया गया। तत्पश्चात डॉग स्कवॉड की सहायता से चेक करने पर आईईडी की पुष्टि हुयी। जिसका वजन लगभग 5 किलोग्राम था। इसके पश्चात उस जगह के आस-पास के इलाके को डी.एस.एम.डी एंव डॉग स्कवॉड की सहायता से चेक किया गया तथा सुरक्षित पाया गया। नक्सल द्वारा इस आईईडी को सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से जमीन के अन्दर लगाया गया था ताकि आसानी से नजर में ना आये। बटालियन के जवानों की चुस्ती, सर्तकता एंव समय पर उक्त आईईडी को देखा गया और वाहिनी बम्ब निरोधक दस्ता के सि/जीडी धनंजय साहानी और राज किशोर द्वारा उसी स्थान पर नष्ट किया गया।

- बीजापुर जिले के चेरपाल-पालनार रोड पर नक्सलियों ने जमीन में गाड़ा था बम



# आईजी के समक्ष पहुंचने वाली युवती पुलिस की नजर में कैसे फरार घोषित : सोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





बस्तर अंचल के सुदूर अति संवेदनशील नक्सल प्रभावित क्षेत्र में सामाजिक कार्य से जुड़ने और अंदरूनी क्षेत्रों में निरपराध ग्रामीणों को पुलिस अत्याचार से राहत दिलाने का दावा करने वाली संस्था पीयूसीएल बीजापुर ने कोरचोली निवासी 25 वर्षीय सुनीता पोटाम की गिरफ्तारी का विरोध किया है। संस्था से जुड़ी रिनचिन व सामाजिक कार्यकर्ता सोनी सोरी सोमवार को बस्तर जिला पत्रकार संघ भवन में पत्रवार्ता में विस्तार से जानकारी दी। दोनों ने कहा सुनीता की गिरफ्तारी गलत है। सामाजिक कार्यकर्ताओं के मुताबिक बीजापुर पुलिस ने जिस सुनीता को 3 जून को उसके रायपुर स्थित अस्थाई निवास से अपने साथ ले गई, जब वह 10 वी ओपन स्कूल परीक्षा की तैयारी कर रही थी। पुलिस ने सुनीता की साथी और पीयूसीएल सदस्य श्रेया खेमानी को गिरफ्तारी वारंट दिखाने की मांग पर भी नहीं दिखाया। रिनचिन ने बताया कि ▶▶| शेष पेज 12 पर

- पीयूसीएल संगठन के कार्यकर्ताओं ने इसे पुलिस की मनमानी बताया

### गिरफ्तारी से पहले पंचायत को सूचना नहीं

सोनी सोरी ने कहा कि किसी भी ग्रामीण की गिरफ्तारी के पूर्व इसकी सूचना ग्राम पंचायत को देनी होती है। किन्तु सुनीता के प्रकरण में ऐसा हुआ ही नही। उसके परिवार को भी इसकी सूचना नहीं दी गई। सुनीता के बुजुर्ग पिता को भी नहीं मालूम था कि उनकी पुत्री कहां गई। हालांकि वह जेल में निरुद्ध है, सुरक्षित है।



# धामनपुरी में दो स्थानों से 170 हाईवा रेत जब्त

**कोण्डागांव।** बड़े राजपुर तहसील के धामनपुरी में अवैध रूप से एकत्रित किए गए 170 हाइवा रेत को जब्त करने के की कार्रवाई की गई। बड़े राजपुर तहसील के धामनपुरी में दो स्थानों पर अवैध रूप से रेत का भंडारण किया गया था। यहां रामबाई नेताम की भूमि पर देवनाथ प्रधान द्वारा लगभग 50 हाइवा रेत और रतनू नेताम की भूमि पर बोरगांव निवासी दीपांकर व्यापारी द्वारा लगभग 120 हाइवा रेत का अवैध भंडारण किया गया था। रेत के भंडारण के संबंध में अनुमति या क्रय किए गए रेत के संबंध में कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर रेत को जब्त कर पुलिस अभिरक्षा में सौंप दिया गया। वहीं इस संबंध में संबंधितों को नोटिस खनिज विभाग द्वारा नोटिस जारी कर दिया गया है। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है। रेत जब्ती की कार्रवाई के दौरान अनुविभागीय दंडाधिकारी अंकित चौहान, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी भूपत धनेश्वरी, तहसीलदार फणेश्वर सोम, खनिज अधिकारी गौतम नेताम सहित राजस्व, खनिज एवं पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# मिलिशिया कमाण्डर इन चीफ और डीएकेएमएस अध्यक्ष ने किया समर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

डेढ़ दशक से नक्सल संगठन में शामिल दो ईनामी नक्सलियों ने सोमवार को नक्सल ऑपरेशन कार्यालय सुकमा में समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो गए। दोनों नक्सली गश्ती पार्टी की रेकी कर हमला करने समेत कई संगीन मामलों में शामिल थे।

- दोनों पर 1-1 लाख का था इनाम

छग नक्सलवाद उन्मूलन नीति एवं नियद नेल्ला नार से प्रभावित होकर तथा अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार सुरक्षा कैम्प स्थापित किये जाने से दोनों ने आत्मसमर्पण किया। चिंतलनार क्षेत्र निवासी दोनों नक्सलियों पर 1-1 लाख रूपए का था ईनाम घोषित था। समर्पित नक्सली प्रकाश उर्फ पोड़ियाम देवा 35 वर्ष निवासी तोंगगुड़ा एरापारा थाना चिंतलनार का रहने वाला था। वह संगठन में काफी वर्षो से लखापाल पंचायत मिलिशिया कमाण्ड इन चीफ के पद पर काम कर रहा था। वहीं माड़वी हांदा 35 वर्ष निवासी तोंगगुड़ा एरापारा थाना चिंतलनार संगठन में लखापाल पंचायत डीएकेएमएस अध्यक्ष के पद पर कार्यरत था। दोनों नक्सलियों ने जिला मुख्यालय सुकमा स्थित नक्सल ऑपरेशन कार्यालय में भास्कर भट्टाचार्य, उप कमाण्डेन्ट सेंकड बटालियन सीआरपीएफ, सपन चौधरी डीएसपी नक्सल ऑप्स/डीआरजी सुकमा व निरीक्षक ▶▶| शेष पेज 12 पर



### मिलेगा शासन की नीति का लाभ

दोनों नक्सलियों को समर्पण के लिए प्रोत्साहित कराने में नक्सल सेल की टीम के अलावा 223 वाहिनी सीआरपीएफ का विशेष प्रयास रहा। समर्पित नक्सली संगठन में रहने के दौरान पुलिस गश्त पार्टी की रेकी कर हमला करना, पुलिस पार्टी के आने-जाने वाले मार्गों में स्पाइक लगाना, मुख्य मार्गों को खोद कर अवरूद्ध करना, शासन-प्रशासन के विरूद्ध में नक्सली पर्चा-पाम्पलेट लगाने समेत अन्य घटनाओं में शामिल रहे हैं। आत्मसमर्पित नक्सलियों को छग नक्सलवाद उन्मूलन नीति के तहत सहायता राशि व अन्य सुविधाएं दी जाएगी।

## बकावंड के राजनगर ग्राम पंचायत के वार्ड के लोग परेशान

# केबल जलने से डूमरगुड़ा में हफ्तेभर से बिजली गुल, जलापूर्ति ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

विकासखंड बकावंड के ग्राम पंचायत राजनगर के डूमरगुड़ा में हफ्तेभर से बिजली आपूर्ति ठप है। बिजली न रहने से बस्ती में पेयजल आपूर्ति भी नहीं हो रही है और ग्रामीणों को दो किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ रहा है। बिजली का केबल जलने से यह समस्या पैदा हुई है। मगर बार-बार शिकायत करने के बाद भी विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी केबल बदलने की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। बिजली बंद रहने और जल आपूर्ति न होने से ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही है। राजनगर ग्राम पंचायत की डूमरगुड़ा बस्ती की बिजली एक सप्ताह से गुल है। ग्रामीणों ने बताता कि ट्रांसफार्मर का केबल जल जाने से यह समस्या पैदा हुई है। ट्रांसफार्मर का केबल बार बार जल जाता है। एक सप्ताह बाद भी विद्युत विभाग के उपयंत्री और कर्मचारी केबल बदलने की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं जबकि ग्रामीण कई बार विद्युत कार्यालय में शिकायत कर चुके हैं। बरसात के मौसम में सांप, बिच्छू निकलते रहते हैं और ग्रामीण अंधेरे में रात गुजारने मजबूर हैं। सबसे ज्यादा दिक्कत पेयजल को लेकर हो रही है। बिजली न रहने से जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। डूमरगुड़ा की महिलाओं, बालिकाओं और ग्रामीण युवाओं को दो किलोमीटर दूर स्थित कुंए से पानी लाकर गुजारा करना पड़ रहा है। कोई साइकिल से पानी ला रहा है, कोई कांवड़ से तो कोई सिर पर गुंडियां रखकर पानी ▶▶| शेष पेज 12 पर

- 2 किमी दूर से पानी लाने मजबूर हैं ग्रामीण



### बार- बार जल रहा केबल, हैंडपंप भी खराब

युवाओं के मुताबिक केबल बार बार जल जाता है, लेकिन स्थायी समाधान नहीं निकाला जा रहा है। पंचायत के जनप्रतिनिधियों की उदासीनता और विद्युत विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि हैंडपंप खनन किया गया था, जो एक सप्ताह में ही खराब हो गया। उसके बाद अधिकारी जनप्रतिनिधि से शिकायत करने पर भी ध्यान नहीं दे रहे हैं।


## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

## खबर संक्षेप



### चंद्रयान विश्व कीर्तिमान में शिक्षिका मधु की कविता गोल्डन बुक ऑफ रिकॉर्ड में शामिल

कोण्डागांव। छत्तीसगढ़ स्वाभिमान संस्थान द्वारा रविवार तेइस जून को विश्व के रचनाकारों को सम्मिलित कर लिखी गई पुस्तक शचंद्रयान–3 विश्व कीर्तिमान का विमोचन सह सम्मान समारोह वृंदावन हाल में आयोजित हुआ।। वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने, भारत की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि को जन जन तक पहुंचाने इस पुस्तक में विश्व स्तर के 123 साहित्यकारों की चन्द्रयान तीन पर आधारित रचनाओं को सम्मिलित किया गया है। जिसे गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड द्वारा मान्यता दी गई। इसमें कोंडागांव जिले की शिक्षिका मधु तिवारी की रचना को भी शामिल किया गया है। विमोचन समारोह के अतिविशिष्ट अतिथि राजेश्री महंत रामसुंदर दास , विशिष्ट अतिथि डा.उदयभान सिंह चौहान, गोल्डन बुक ऑफ रिकॉर्ड की प्रतिनिधि सोनल शर्मा, रामेश्वर शर्मा, पूर्व आईएएस डा. सुशील त्रिवेदी, डा. शकुंतला तरार ने चार संस्थानों गोल्डन बुक ऑफ रिकॉर्ड किट, मेडल ,प्रमाणपत्र, संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य स्तरीय सम्मान पत्र,, छत्तीसगढ़ स्वाभिमान संस्थान द्वारा कलमवीर सम्मान, साथ ही वैदिक प्रकाशन द्वारा उत्कृष्ट साहित्य सेवी अलंकरण से सम्मानित किया गया।

### जोरातराई के भाजपाइयों ने पंडित मुखर्जी को किया याद



कुरूद। ग्राम जोरातराई (अ) में श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान भाजपाइयों ने कहा कि कश्मीर के मुद्दे पर पंडित मुखर्जी हमेशा मुखर रहे। उनका एक ही मकसद कश्मीर को पाकिस्तान के आतंकवाद से मुक्त करना था। इस अवसर पर रामस्वरूप साहू भाजपा जिला मंत्री, पूर्णिमा साहू पूर्व जनपद अध्यक्ष, गोविन्द सिंह राजपूत पूर्व सरपंच, बंशीलाल साहू, प्यारे पाल, धनसिंग साहू, प्रकाश निषाद, संतोष साहू, कामता साहू समेत बड़ी संख्या में भाजपाई उपस्थित थे।

### डॉ. मुखर्जी ने तुष्टिकरण की नीति का सदैव विरोध किया



नगरी। सिहावा विधानसभा के नगर पंचायत नगरी वार्ड क्रमांक 2 में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर भाजपाइयों ने माल्यार्पण किया। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ मुखर्जी ने कर्म क्षेत्र के रूप में 1939 से राजनीति में भाग लिया और आजीवन इसी में लग रहे। उन्होंने कांग्रेस, नेहरू जी और गांधी जी की तुष्टिकरण की नीति का सदैव खुलकर विरोध किया। यही कारण था कि उनको संकुचित सांप्रदायिक विचार का घोतक समझा जाने लगा। पूर्व विधायक श्रवण मरकाम ने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति के नक्षत्र, अखिल भारतीय जनसंघ के संस्थापक तथा राजनीति व शिक्षा के क्षेत्र में सुविख्यात डॉ. मुखर्जी की 23 जून 1953 को मृत्यु की घोषणा की गई। बंगभूमि से पैदा डॉ. मुखर्जी ने अपनी प्रतिभा से समाज को चमत्कृत कर दिया था। बंगाल ने अनेक क्रांतिकारी को जन्म दिया है, उनमें से एक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी थे। कार्यक्रम में जिला मंत्री राजेंद्र गोलछा, कमल डागा, मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा, नपं अध्यक्ष आराधना शुक्ला, नागेंद्र शुक्ला, अजय नाहटा, रामगोपाल साहू, हृदय साहू, नरेंद्र नाग, चेलेश्वरी साहू, भावेश चोपड़ा, नरेश गायकवाड़, बलजीत छाबड़ा, अश्वनी निषाद, सरजू सिन्हा, सुनील निर्मलकर, गुलाब भारती, कमलेश निषाद, राकेश साहू उपस्थित थे।

# सर्पदंश व कुत्ता काटने से 5 दिन में 2 महिला व बच्चे की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सर्पदंश व कुते के काटने से पिछले चार दिन में दो महिला व एक बच्चे की मौत हो गई। सर्पदंश की घटना करपावण्ड व भानपुरी थाना क्षेत्र की है। कुत्ते के काटने के बाद देशी उपचार में देरी होने व हालत बिगड़ने के बाद अस्पताल पहुंचने से पहले महिला की मौत हो गई।

सर्पदंश से पहली मौत करपावंड की है यहां महिला जमीन में चटाई बिछाकर सो रही थी। तभी सांप ने दंश मार दिया जिसके बाद महिला को उपचार के लिए मेकाज लाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक करपावंड निवासी झितरी बघेल पति धनसाय 30 वर्ष अपने घर में चटाई बिछाकर सो रही थी। तभी जहरीले सर्प ने जमीन में सो रही महिला के हाथ में दंश मार दिया। झितरी की आवाज सुनने के बाद पति उसे उपचार के लिए बकावंड स्वास्थ्य केंद्र ले गया, जहां उसकी खराब हालत को देखते हुए मेडिकल कॉलेज डिमरापाल रेफर कर दिया गया। भर्ती करने के कुछ देर के बाद उसकी मौत हो गई। सर्पदंश से दूसरी मौत भानपुरी थाना क्षेत्र के ग्राम तारागांव बड़ेपाल की है। तारागांव निवासी अनित सेठिया के इकलौते बेटे कुशान्त को सोने के दौरान करैत सर्प ने दंश मार दिया, जिससे बच्चे की मौत हो गई। जिसके बाद गुस्साए परिजनों ने सांप को पीट-पीट कर मार डाला।सर्पदंश के बाद बच्चे को उपचार के लिए अस्पताल ले जाने के दौरान मौत हो गई।

## सोने के दौरान जहरीले सर्प के दंश से महिला व बच्चे ने तोड़ा दम



### देशी उपचार में समय गंवाया, महिला की गई जान

सुकमा जिले के दोरनापाल थाना क्षेत्र के ग्राम कोर्रापाट में लगभग एक माह पूर्व महिला को कुत्ते ने काटा था। महिला को उपचार के लिए अस्पताल ले जाने की बजाए परिजन गांव में ही देशी उपचार करवा रहे थे। इसके बाद महिला की बिगड़ती हालत को देखकर डिमरापाल मेडिकल कॉलेज लाया गया था, जहां उपचार से पूर्व उसकी मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक कोर्रापाट निवासी मांडवी गंगे पति पोज्जा 47 वर्ष माहभर पूर्व अपने घर के आंगन में बैठी हुई थी कि उसी समय एक कुत्ते ने आकर पैर में काट लिया। महिला के पैर से खून निकलता देख परिजनों ने उसे अस्पताल चलने की बात कही। लेकिन महिला अस्पताल ना जाकर गांव में ही जड़ी बूटी से देशी उपचार करवा रही थी। हालत बिगड़ने पर उसे पहले जिला अस्पताल सुकमा ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद मेकाज रेफर किया गया था। लेकिन उसकी मेकाज में उपचार से पूर्व मौत हो गई।



## शिविर : 39 कामों का भूमिपूजन और 15 कार्यों का किया लोकार्पण

# वन मंत्री ने दी 8 करोड़ 52 लाख के 54 विकास कार्यों की सौगात, हितग्राहीमूलक सामग्री का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- समस्याओं के निदान के लिए सरकार हमेशा जनता के साथरू मंत्री केदार कश्यप

आम जनता की समस्याओं के निराकरण के लिए शनिवार को अतिसंवेदनशील ग्राम मर्दापाल में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने इस अवसर पर क्षेत्र की जनता को 8 करोड़ 52 लाख रुपए से अधिक के विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने 39 विकास कामों का भूमिपूजन और 15 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने इसके साथ ही यहां आयुष्मान कार्ड, सिकलसेल जेनेटिक कार्ड, धान बीज एवं स्प्रेयर, राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत सब्जी बीज और जैविक खाद, दिव्यांगों का उपकरण, पौधा प्रदाय योजना के तहत पौधे सहित विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहीमूलक सामग्री का वितरण भी किया। यहां आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में कुल 354 आवेदन प्राप्त हुए।





मंत्री श्री कश्यप ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली यह सरकार जनता की समस्याओं के निदान के लिए सदैव उनके साथ है। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में आज यहां जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। जनता अपनी समस्याओं को शासन–प्रशासन के समक्ष रखे। इसका त्वरित निराकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शासन की नीतियों के कारण महिलाएं लगातार हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। इसके साथ ही धान के मूल्य में वृद्धि से किसान और तेंदूपत्ता के मूल्य में वृद्धि से वनोपज संग्राहक खुशहाल जीवन की ओर आगे बढ़ रहे हैं। शासन हर गरीब को पक्के छत की घर उपलब्ध करा रही है। शासन लगातार ऐसी नीतियां बना रही है कि हर घर में खुशहाली पहुंचे। आम जनता को भी चाहिए कि वे इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि पूर्व में की गई घोषणाओं पर क्रियान्वयन करते हुए आज यहां 8 करोड़ 52 लाख रुपए से अधिक के विकास कायोंर् का भूमिपूजन और लोकार्पण किया गया है। जनाकांक्षाओं को पूरा करने वाले ये विकास कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। उन्होंने इस अवसर पर जनसमस्यओं के समाधानकारक निदान पर जोर दिया। इसके साथ ही कहा कि क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य सुविधा, खाद–बीज वितरण सहित विभिन्न सेवाओं को बेहतर ढंग से पहुंचाया जाएगा।



### ग्रामीणों के स्वास्थ्य की हुई जांच

जनसमस्या निवारण शिविर में स्वास्थ्य जांच भी की गई। यहां 106 मरीजों का उपचार एलोपैथिक पद्धति से और 36 मरीजों का उपचार आयुष पद्धति से की गई। यहां पशुधन विकास विभाग द्वारा भी 11 हितग्राहियों को पशु और कुक्कुटों के लिए औषधियां प्रदान की गई।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला पंचायत बस्तर की अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप, कोंडागांव जिला पंचायत के सदस्य बालसिंह भारती, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, अनुविभागीय अधिकारी सुश्री निकिता मरकाम सहित जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## टीईटी की प्रथम पाली में 3423 तो द्वितीय में 4165 परीक्षार्थी हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा के साथ ही प्री पॉलिटेक्निक टेस्ट की परीक्षाएं भी रविवार को आयोजित की गईं। कोंडागांव जिले में छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए प्रथम पाली हेतु 20 और द्वितीय पाली के लिए 25 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। वहीं प्री पॉलिटेक्निक टेस्ट के लिए दो परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। कक्षा एक से पांच तक की कक्षाओं में अध्यापन के लिए छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक 20 परीक्षा केन्द्रों में किया गया। इसमें पंजीकृत 5406 परीथार्थियों में से 3423 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 1983 परीक्षार्थी अनुपथित रहे। कक्षा 6 से 8वीं तक की कक्षाओं में अध्यापन के लिए छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन रविवार को दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 बजे तक 25 परीक्षा केन्द्रों में किया गया। इसमें पंजीकृत 6646 परीक्षार्थियों में से 4165 परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 2481 अनुपस्थित रहे। प्री पॉलिटेक्निक टेस्ट परीक्षा का आयोजन जिले के 2 परीक्षा केन्द्रों में किया गया। इसमें पंजीकृत 501 परीक्षार्थियों में से 79 परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 422 अनुपस्थित रहे।

# हरे पत्ते के नकदीकरण का हुआ श्रीगणेश संग्राहकों को एक दिन में बांटे गए 10 करोड़





हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

प्रदेश सरकार द्वारा तेंदूपत्ता खरीदी उपरांत नकदीकरण की घोषणा का अब धरातल पर असर दिखना शुरू हो गया है। सुकमा वनमंडल अंतर्गत सोमवार को नकदीकरण का श्रीगणेश करते हुए एक ही दिन में 10 करोड़ रुपए का वितरण कर रिकार्ड बनाया गया। सुकमा जिले में इन दिनों हरे सोने को लेकर चहूं ओर चर्चा है। तेंदूपत्ता खरीदी में 5500 रुपए प्रति मानक बोरा की दर ने जहां आदिवासी संग्राहकों के चेहरे में मुस्कान ला दी तो दूसरी ओर 45 डिग्री में पसीने से तरबतर आदिवासी संग्राहकों के लिए वनमंत्री द्वारा नकदीकरण की घोषणा ने खाताविहीन संग्राहकों के लिए त्यौहार जैसा माहौल ला दिया। सुकमा वनमंडल अंतर्गत 16 समितियों में वनमंडलाधिकारी ने नकदी भुगतान हेतु राशि जारी कर दी है। प्राप्त जानकारी अनुसार इन 16 समितियों में 46 करोड़ 67 लाख रुपए का नकद भुगतान होना है। सबसे ज्यादा नकद राशि का भुगतान किष्टाराम में 4 करोड़ 79 लाख रुपए डाले गए हैं, जिनका एक दो दिवस में संग्राहकों को भुगतान किया जाएगा। सुकमा वनमंडल ने एक नया रिकार्ड उस वक्त कायम कर दिया जब एक ही दिन में आदिवासी संग्राहकों को 10 करोड़ का नकद भुगतान कर दिया गया। बताया जाता है कि जिले के प्रभारी मंत्री व प्रदेश के वनमंत्री के निर्देश के बाद वन विभाग कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहता है। वनोपज समिति कोण्डरे से लेकर पालाचलमा तक आज नगदीकरण का व्यापक असर देखने को मिला।

### बैंकों में नकदी नहीं, आ रही है दिक्कत

सुकमा जिले में वन विभाग को एक नई समस्या से जूझना पड़ रहा है। बताया जाता है कि सुकमा जिले में एकमात्र चेस्ट ब्रांच एसबीआई है जिसके भरोसे 17 से 18 बैंकों को रहना पड़ता है। सुकमा वनमंडल का खाता पीएनबी में होने के कारण नकदी की दिक्कत शुरू हो गई है। सूत्रों ने बताया कि उक्त बैंक एक दिन में 5 से 10 करोड़ का ही भुगतान कर पा रही है।

### 10 दिन में कर देंगे भुगतान : डीएफओ

सुकमा वनमंडल के डीएफओ अशोक पटेल ने कहा कि शासन की मंशानुरूप नकदीकरण का कार्य प्रगति पर है। सोमवार से ही सभी समितियों में नकद भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। 10 दिवस के भीतर सभी संग्राहकों को भुगतान कर दिया जाएगा।

## नए कानूनों की जानकारी देने के लिए लगी कार्यशाला



कोण्डागांव। नवीन कानून संहिताओं से नागरिकों को अवगत कराने के लिए जिला कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिनमें भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य संहिता 2023 शामिल हैं। इस अवसर पर कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा कि नए कानूनों में आम नागरिकों के हितों की रक्षा के साथ ही अपराधियों के विरुद्ध कठोर दंड के प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि कानून का पालन करना हम सभी का दायित्व है, इसलिए कानूनों की जानकारी भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नए कानूनों से महिलाओं के हितों की रक्षा बेहतर ढंग से की जा सकेगी। वहीं कुछ ऐसे अपराधों के लिए भी दंडों का प्रावधान किया गया है, जो पहले के कानूनों में नहीं थे। नए कानून में अपराध की सूचना किसी भी थाने में दिए जाने के साथ ही ई–माध्यम से भी दिए जाने का प्रावधान दिया गया है। वहीं इन कानूनों में अपराध की विवेचना, न्यायिक प्रक्रिया तथा सहित सभी प्रक्रियाओं के लिए समय–सीमा निर्धारित की गई है। पाक्सो एक्ट में दंड को कठोर किया गया है। वहीं कुछ अपराधों के लिए सामाजिक सेवा के दंड का प्रावधान भी किया गया है। उन्होंने कहा कि नए कानूनों की जानकारी घर–घर पहुंचे इसके लिए इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रुपेश कुमार डांडे, लोक अभियोजक प्रदीप झा, फरसगांव अनुविभागीय पुलिस अधिकारी अनिल विश्वकर्मा, पीएमयू अजीत राना, अभिनय रात्रे, सहित बड़ी संख्या में युवोदय वालंटियर्स, अग्निवीर प्रशिक्षु, शहीद गुण्डाधूर महाविद्यालय एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के विद्यार्थी व कोंडानार गारमेंट फैक्ट्री में कार्यरत महिलाएं शामिल थीं।



## रामचरित मानस गोल्डन प्लेटेड ग्रंथ का विमोचन

जगदलपुर। रामचरितमानस गोल्डन प्लेटेड बुक का विमोचन सोमवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने किया। उन्होंने कहा कि मेरे लिए गर्व का विषय है कि श्रीरामचरित मानस गोल्डन प्लेटड की बुक का विमोचन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। जिसके लिए उन्होंने आनंद शर्मा एवं अरूणेद्र शुक्ला को शुभकामनाएं दी।

## छात्रवास-आश्रमों में स्वास्थ्य परीक्षण के लिए डाक्टरों से आवेदन लेंगे 27 तक

कोण्डागांव। छत्तीसगढ़ शासन आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग मंत्रालय रायपुर के निर्देशानुसार कोण्डागांव जिला अंतर्गत संचालित आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रवास–आश्रमों में निवासरत विद्यार्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए मान्यता प्राप्त चिकित्सा एमबीबीएस एवं बीएएमएस डिग्रीधारियों को 27 जून तक अनुबंधित के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। अधिक जानकारी के लिए आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त कार्यालय में संपर्क करें।

## ग्रामीणों को साइबर एवं अन्य अपराधों से बचने दी गई जानकारी

# बालोंड और बैलगांव के साप्ताहिक बाजार में फरसगांव पुलिस का लगा चलित थाना, शिकायतों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

- गांव में आए अनजान व्यापारियों से सतर्क रहने दी गई समझाइश

फरसगांव पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रों में समय समय पर ग्रामों में चलित थाना लगाकर ग्रामीणों को ठगी से अपराधों से बचने जागरूक किया जा रहा है। कोंडागांव पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के निर्देश एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी फरसगांव अनिल कुमार विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में शनिवार बैलगांव के साप्ताहिक बाजार में और रविवार को ग्राम बालोंड के साप्ताहिक बाजार में चलित थाना लगाकर बाजार में आए हुए ग्रामीणों से पुलिस में लंबित शिकायत, अपराध या अन्य मामलों की जानकारी लेकर मौके पर ही उनका निराकरण किया गया। साथ ही ग्रामीणों को साइबर ठगी, ऑनलाइन फ्रॉड, एटीएम फ्रॉड एवं महिला व बच्चों से संबंधित अपराधों के प्रति जागरूक किया गया एवं उनसे बचने के उपाय भी बताए गए। त्योहारी सीजन के दौरान अपराध से बचने गांव वालों को विभिन्न समझाइश दी गई। जिसमें फेरी लगाने वाले, सामान बेचने वाले या सोना चांदी व बर्तन साफ सफाई के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों से सतर्क रहने हिदायत दिया गया। किसानों को मक्का खरीदी, धान खरीदी कर पैसा नहीं देकर ठगी करने वालों से भी सतर्क रहने समझाइश दी गई। गांव में कोई दुर्घटना होने पर तत्काल थाना में सूचित करने कहा गया।





### ये रहे उपस्थित

चलित थाना के कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी फरसगांव उपनिरीक्षक नरेश कुमार साहू, हिम्मत लाल कश्यप, महिला प्रधान आरक्षक जयश्री ध्रुव, साधना सिंह , आशा जायसवाल, अजंती पोयाम सहित स्थानीय सरपँच, उपसरपंच, पंच सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे ।

## पेज 11 के शेष

### कोबरा हेडक्वार्टर में ....

की ओर सामान ले जाया जा रहा था। इसकी चपेट में आने से कोबरा बटालियन के दो जवान विष्णु आर केरल के तिरुवनंतपुरम व शैलेन्द्र उत्तर प्रदेश कानपुर निवासी शहीद हो गए थे। आईजी ने कहा कि माओवादियों के इस प्रकार के कायराना हरकत से प्रतीत होता है कि उनकी अंतिम एवं उल्टी गिनती की शुरूआत हो गई है। सुरक्षा बलों का मनोबल काफी मजबूत है तथा शहीद जवानों के शहादत से प्रेरणा लेकर माओवादियों के खिलाफ जारी लड़ाई को बहुत जल्द अंतिम पड़ाव तक ले जाकर नक्सल संगठन को जड़ से नष्ट किया जाएगा।

### आईजी के समक्ष ....

बीजापुर पुलिस जिस सुनीता को फरार घोषित बता रही थी, वह जनवरी से जून तक सामान्य नागरिक की तरह घूम रही थी। यदि वह फरार होती तो इसी अवधि में जगदलपुर में प्रेसवार्ता में खुलेआम कैसे सम्मलित होती। वहीं उसी दिन बस्तर आईजी से कैसे मिली। सारे तथ्यात्मक रिकार्ड व फोटो उपलब्ध होने का दावा इन्होंने किया है। इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम, वीनस पोडियाम, मुन्ना पोट्ठाम, आयतु पोट्ठाम सुनीता के पिता उपस्थित थे।

### मिलिशिया कमाण्डर ....

सुजीत कुमार 223 बटालियन सीआरपीएफ के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो गए।

### केबल जलने से ....

कुंए से ला रहा है। नल का शुद्ध पानी पीते आ रहे ग्रामीणों को कुंए का पुराना हो चुका पानी रास नहीं आ रहा है। फिर भी ग्रामीण कुंए का पानी उपयोग करने मजबूर हैं क्योंकि गांव में पानी का और कोई दूसरा साधन नहीं है। स्थानीय जनप्रतिनिधि भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। गांव के युवाओं ने बताया कि विद्युत कार्यालय में फोन से कई बार सूचना दे चुके हैं, मगर आज तक केबल बदलने या सुधारने के लिए कर्मचारी नहीं भेजे गए हैं।

## खबर संक्षेप

### शालात्यागी और असाक्षर महिलाओं को शिक्षा से जोड़ने की पहल

**बीजापुर।** कलेक्टर अनुराग पाण्डेय के निर्देशन में तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास के मार्गदर्शन में बीजादूतीर स्वयंसेवकों द्वारा संचालित किशोरी सशक्तिकरण केंद्र कोडोली में शालात्यागी किशोरी बालिकाओं और असाक्षर महिलाओं को अनौपचारिक शिक्षा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इस केंद्र में उन्हें बाल संरक्षण के विभिन्न विषयों पर जागरूक किया जा रहा है। जिसमें बाल विवाह के दुष्परिणाम, बाल मजदूरी, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य, किशोरावस्था के दौरान शारीरिक परिवर्तन, लिंगभेद और बाल अधिकार शामिल हैं।

खुशी की बात है कि इस प्रयास के तहत तीन शालात्यागी किशोरी बालिकाएं वापस से विद्यालय जाने को प्रेरित होकर तैयार हो गई हैं। इसके अतिरिक्त, बीजादूतीर स्वयंसेवकों के प्रयास से दो महिलाएं नव भारत साक्षरता परीक्षा में भी शामिल हुई हैं, जो उनके शैक्षिक और व्यावसायिक विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है। महिलाओं और किशोरी बालिकाओं को विभागीय योजनाओं से जोड़ने का भी प्रयास किया जा रहा है।

### गंगामुण्डा तालाब सघन बस्ती के 15 से 20 फीट ऊंचाई पर बसा है

# तालाब के आउटलेट में जमा कचरा बस्तीवासियों के लिए बनेगा मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

गंगानगर वार्ड का तालाब तट के नीचे बसे लोगों के लिए बारिश सीजन नई मुसीबत लेकर आने वाली है। तालाब का आउटलेट कचरा, प्लास्टिक व अन्य गैरजरूरी सामग्रियों से अटा पड़ा है। जिसकी दो बार सफाई का दावा निगम

- आयुक्त का बयान पढ़ आश्चर्य हुआ : राय

आयुक्त दो दिन पहले किए है। मेरा आयुक्त को चुनौती है अपने बयान के 4 दिन बाद वे स्वयं स्थल का निरीक्षण करें बड़ा नाला, पुलिया और गंगामुण्डा तालाब का आउटलेट आज भी गंदगी से जाम है। वार्ड पार्षद राजेश राय ने बताया कि हरिभूमि में आयुक्त का बयान पढ़ आश्चर्य हुआ। जिसमें आयुक्त जिन स्थलों की दो बार सफाई होने



का दावा कर रहे है, वहां वास्तव में सफाई हुई ही नही है। उन्होंने कहा यह समय वाद-विवाद का नही है वरन बारिश के पूर्व नाला, पुलिया और आउटलेट की सफाई जितना जल्द हो कराने की है। भारी बारिश में तालाब के 15 से 20 फीट नीचे बसे बस्तीवासियों के जीवन की सुरक्षा आवश्यक है। समय रहते सफाई नहीं की गई तो भारी बारिश में तालाब नीचे की बस्ती में जल भराव का खतरा की आशंका है। पिछले बारिश सीजन में तालाब तट बस्ती की जो स्थिति निर्मित हुई थी, इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में ज्यादा खतरा बना है।

पिछले वर्ष पूरी की पूरी बस्ती बारिश के दौरान डुबान में आ गई थी। अनेक घरों में घुटनों तक पानी जमा हो गया था। लोग 15 दिनों तक दिन और रात कैसे गुजारा किए है यह उन पीड़ित परिवार से ज्यादा कोई नहीं जानता। पार्षद ने कहा आयुक्त से केवल एक ही आग्रह हैं कि गंगानगर वार्ड के गंगामुण्डा तालाब में बने आउटलेट, बड़ा नाला और गीदम रोड के बड़ा पुलिया के नीचे कचरा जाम की स्थिति से मुक्त करे ताकि बारिश के समय पानी की उचित निकासी हो सके। तालाब का आउटलेट ओवर फ्लो की समस्या निर्मित न हो।

#### *वाट्सअप में जानकारी भेजने के बाद भी कार्रवाई नहीं*

*पार्षद राजेश राय ने बताया कि गंगामुंडा तालाब की जल निकासी का एक ही रास्ता है जो गंगानगर वार्ड में घनी आबादी के बीचो-बीच होकर गुजरता है। पार्षद ने कहा बार-बार आयुक्त व स्वास्थ्य अधिकारियों को व्हाट्सएप्प के माध्यम से सफाई कराने की जानकारी दी गई लेकिन उसके बाद भी जल भराव क्षेत्र का मौका मुआयना करना जरूरी नहीं समझा गया।*

## गोष्ठी में साहित्यकारों ने विचारों के साथ कविता पढ़ी



### *जिला ग्रंथालय में हुई परिचर्चा पर पुराने और आधुनिक कविता में भिन्नता पर सभी ने बातें रखीं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्रत्येक साहित्य अपने काल का आधुनिक साहित्य होता है कविता से उसके काव्य को चुरा लेना मात्र ही आधुनिक कविता नहीं है। इन विचारों के साथ साहित्य एवं कला समाज की विचार गोष्ठी परवान चढ़ी। यह विचार वरिष्ठ साहित्यकार शरदचंद्र गौड़ ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि साहित्य पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक आसानी से पहुंचे इसलिये पद्यरूप में लिखा जाता था क्योंकि वह आसानी से याद हो जाता था।

वर्तमान दौर की आधुनिक कविता पहले से कहीं अधिक जिम्मेदार हो गयी है। लाला जगदलपुरी जिला ग्रंथालय में शहर के साहित्यकारों के मध्य आधुनिक कविता का शिल्प विषय पर चर्चा हुयी। बस्तर पाति साहित्यिक संपादक सनत जैन ने कहा कि आधुनिक कविता छंदमुक्त और रसहीन हो गयी है। इसकी शब्द शक्ति भी कमजोर हो चुकी है। इसलिये वे याद नहीं रहती हैं। जबकि स्कूलों में पढ़ीं कविताएं आज भी याद हैं। आधुनिक कविता के विषय स्त्रीमुक्ति, दलित विमर्श और किसान विमर्श में ठहर से गये हैं। मुख्य वक्ता डॉ कौशलेन्द्र ने बताया कि आधुनिकता, वैश्वकिता और वैज्ञानिकता कविता के तीन मुख्य भाव हैं। इनके ईद गिर्द ही कविता रहती है। वैज्ञानिकता मुख्य भाव होता है। कविता यदि तुकांत होती है तब ही कविता होती है। कविता समाज को हताशा से बचाने का कार्य करती है। आधुनिक कविता को स्वच्छंद कविता कहा जा सकता है जो समाज को प्रतिबिम्बित करती है। पद्श्री धर्मपाल सैनी ने अपनी कविता के माध्यम से जीवन का रस उड़ेल दिया। ऋषि शर्मा ने गजलो की प्रस्तुति दी।

विपिन बिहारी दाश ने बेटी पर कविता सुना कर माहौल को भावपूर्ण कर दिया। नरेन्द्र पाढ़ी ने हल्बी की रचना पढ़कर तालियां बटोरीं। डॉ रूपेन्द्र कवि ने अपनी रोटी कविता से सभा को रोमांचित किया। भरत कुमार गंगादित्य ने हल्बी में गीत प्रस्तुत किया। डॉ प्रकाश पैमाना ने रचनापाठ किया। युवा कवि राजकुमार जायसवाल ने मछलियों की व्यथा का वर्णन किया। अनिल शुक्ला ने सरल मानवीय मन की व्यथा सुनायी। ओमप्रकाश धुरव ने कविताओं का पाठ किया। बीजापुर से पधारी पूनम वासम ने अपनी प्रसिद्ध कविता कुटुमसर की अंधी मछलियां पंढुम गीत गाती हैं सुनाकर बस्तर और उसके प्रति अपनी चिंता जाहिर की। शशांक श्रीधर ने आधुनिक कविता और अन्य धाराओं की कविताओं को समान रूप से महत्व दिये जाने पर जोर दिया। योग शिक्षिका शोभा शर्मा उपस्थित थी।

# सतत विकास उस भविष्य का मार्ग जिसे हम सभी के लिए चाहते हैं : लखेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

विधायक बस्तर लखेश्वर बघेल आज ग्राम पंचायत कुदालगांव के परदेशिन मातागुड़ी पहुंच सेवा अर्जी करते हुए समस्त ग्रामवासियों एवं जीव-जंतु हेतु मंगलकामना करते हुए आशीर्वचन लिया। तत्पश्चात उन्होंने कहा कि सतत विकास उस भविष्य का मार्ग है, जिसे हम सभी के लिए चाहते हैं।

विधायक बघेल के ग्राम पंचायत कुदालगांव पहुंचने पर उनका स्वागत अभिनंदन ग्रामीणों ने किया।

पूर्व में बस्तर विधायक के समक्ष ग्राम प्रमुखों द्वारा मातागुड़ी हेतु अवगत कराया गया था। जिसे विधायक ने संज्ञान में लेते



हुए तत्काल विधायक निधि से पांच लाख रुपए प्रदाय कर एक अच्छा मातागुड़ी भवन बनाने की बात कही। जिस पर ग्रामवासियों ने बाजार मेला को देखते हुए एक अच्छा भव्य मंदिर बनाकर एक प्रमुख जिम्मेदारी का निर्वहन किया हैं। आज इसी मंदिर का शुभारंभ विधायक बघेल ने किया।

बस्तर विधायक ने कहा कि देवगुड़ियों और मातागुड़ियों को संरक्षित तथा संवर्धित करने की दिशा में विशेष पहल करते हुए इनका जीर्णोद्धार करने के साथ ही उन्हें संवारने का प्रयास हमारी सरकार द्वारा किया जा रहा था। वर्तमान सरकार हमारे देवी-देवताओं को सतत रुप से पीछे की ओर ले जा रहे हैं।

बस्तर विधायक मंदिर प्रांगण स्थल पर धार्मिक क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए नवयुवकों को आगे आने प्रेरित किया हैं ताकि मातागुड़ी को अच्छे से संरक्षित कर सकें। उन्होंने से सभी ग्रामीणों से देव गुड़ी स्थल के आस-पास वृक्ष लगाकर पेड़ पौधों का अच्छी तरह से संरक्षण करने की बात कही। बघेल ने कहा कि वर्तमान में भाजपा सरकार महिलाओं एवं कृषकों को केवल गुमराह करने का कार्य कर रही है। जितना पिछली सरकार में विकास कार्य हुआ था, उसे सिर्फ भूमिपूजन कर अपनी वाहवाही लूटने का काम कर रही हैं। इस दौरान बालेश दुबे, धरमसिंह गोयल, गदाधर ठाकुर, उदयनाथ, गजेंद्र, सम्पत, राजेंद्र, दशमति, सम्पत यादव, गणपत, दीनबंधु, जितेंद्र तिवारी, डमरू, कुशनु राम, चंदन भद्रे, विमल, राजेश कुमार, तुलसीराम ठाकुर एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## परीक्षा सेंटर का निरीक्षण...



**जगदलपुर।** कलेक्टर विजय दयाराम के. ने लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2023 के लिए शासकीय काकतीय महाविद्यालय में बनाए गए परीक्षा सेंटर का निरीक्षण किए। उन्होंने सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया, इस दौरान एक परीक्षार्थी की तबियत ठीक नहीं होने पर स्वास्थ्य जांच करवाने के निर्देश दिए। संभागीय मुख्यालय में आयोजित इस परीक्षा सेंटर में लगभग 202 परीक्षार्थी मुख्य परीक्षा में शामिल हो रहे है। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर एवं परीक्षा के नोडल अधिकारी सुनील शर्मा, पीजी कॉलेज की प्राचार्य भी उपस्थित थे। ज्ञात हो कि लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 24 जून से शुरू हो गई है, प्रथम पाली में भाषा का पेपर, द्वितीय पाली में निबंध का पेपर है।

**न्यायालय नायाब तहसीलदार**
**दरभा, जिला-बस्तर (छ.ग.)**

ई- कोर्ट-202406152800009
रा.प्र.क्र./ब-121/2023-24

**// इस्तहार //**

एतद द्वारा सर्व साधारण ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय नायब तहसीलदार दरभा के रा.प्रकरण क्रमांक/ई कोर्ट क्रमांक/202406152800009/2023-24 आवेदक मनीराम मडावी पिता मुडोराम मण्डावी, उम्र 24 वर्ष, जाति माड़िया, निवासी ग्राम डिलमिली, तहसील दरभा द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है उनके दादा के मंगडू पिता कोन्दा का मृत्यु दिनांक 15/02/2021 को ग्राम डिलमिली तहसील दरभा में होने के उपरान्त विहित अवधि में मृत्यु का पंजीयन भूलवश नही कराया जा सका था। आवेदिका के द्वारा आवेदन के साथ शपथ पत्र एवं पंजीयन जन्म-मृत्यु ग्राम पंचायत डिलमिली से जारी अनुपलब्धता प्रमाण पत्र संलगन किया गया है।

अतः इस संबंध में ग्रामवासियों को जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो न्यायालय के नियत तिथि 24/06/2024 के पूर्व आवेदन प्रस्तुत कर सकते है मियाद पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह हस्ताक्षर आज दिनांक 10/06/2024 को मेरी हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया।

मुहर

**तहसीलदार**
**दरभा**

**न्यायालय नायाब तहसीलदार**
**दरभा, जिला-बस्तर (छ.ग.)**

ई- कोर्ट-202406152800008
रा.प्र.क्र./ब-121/2023-24

**// इस्तहार //**

एतद द्वारा सर्व साधारण ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय नायब तहसीलदार दरभा के रा. प्रकरण क्रमांक/ई कोर्ट क्रमांक/202406152800008/2023-24 आवेदक मनीराम मडावी पिता मुडोराम मण्डावी, उम्र 24 वर्ष, जाति माड़िया, निवासी ग्राम डिलमिली, तहसील दरभा द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है उनके नानी जोगी कर्मा पति जोगा कर्मा का मृत्यु दिनांक 25/05/2022 को ग्राम डिलमिली तहसील दरभा में होने के उपरान्त विहित अवधि में मृत्यु का पंजीयन भूलवश नही कराया जा सका था। आवेदिका के द्वारा आवेदन के साथ शपथ पत्र एवं पंजीयन जन्म-मृत्यु ग्राम पंचायत डिलमिली से जारी अनुपलब्धता प्रमाण पत्र संलगन किया गया है।

अतः इस संबंध में ग्रामवासियों को जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो न्यायालय के नियत तिथि 24/06/2024 के पूर्व आवेदन प्रस्तुत कर सकते है मियाद पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह हस्ताक्षर आज दिनांक 10/06/2024 2024 को मेरी हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया ।

मुहर

**तहसीलदार**
**दरभा**

### नए कानून के प्रति जागरूक करने पुलिस चला रही अभियान



**जगदलपुर।** नवीन कानून के प्रति लोगों को जागरूक करने बस्तर पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान चलाते हुए व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इसी तारतम्य में सोमवार को शहीद गुंडाधुर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र कुम्हरावंड में प्राध्यापकों व विद्यार्थियों को नवीन विधि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य संहिता 2023 के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन में नवीन कानून की जानकारी दी गई। इस अवसर पर लोक अधिवक्ता भावना कोटवानी, अभिषेक, डीएसपी अपूर्वा सिंह क्षत्रिय, डीएसपी सायबर गीतिका साहू, डीएसपी अजाक दीपमाला कुर्रे व निरीक्षक माधुरी नायक के द्वारा नये कानून के महत्वपूर्ण प्रावधानों और न्याय प्राप्त करने के साधनों व उपायों के संबंध में जानकारी देते हुए विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान प्राध्यापकों व विद्यार्थियों को नशा मुक्ति, साइबर सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने का प्रयास भी किया गया।

**PM SHRI SCHOOL JAWAHAR NAVODAYA VIDYALAYA**
Ministry of Human Resource Development(Department of Education Govt. of India)
DHARAMPURA-II, JAGDALPUR, MDIST-BASTAR (C.G.) PIN-494001
jnv.jagdalpur05@gmail.com Telephone No: (STD CODE) 07782-229062(0)229016 (PPL-Mob. No: 91-9315829429)

पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय - धरमपुरा - 2, जगदलपुर, जिला- बस्तर (छ.ग.)

**F.No.Tender/JNV / Bastar / 2024-25/217** **Date: 24.06.2024**

**कार्यालय प्राचार्य**
**पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय - धरमपुरा - 2, जगदलपुर, जिला- बस्तर (छ.ग.)**

**निविदा सूचना**

पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय-धरमपुरा-2, जगदलपुर, जिला- बस्तर (छ.ग.) में सत्र 2024-2025 हेतु (1) किराना सामग्री (2) फल एवं सब्जी (3) बेकरी / अण्डा / मिठाई (4) दैनिक प्रसाधन सामग्री (5) गणवेश सिलाई (6) विद्यालय के लिये संविदा आधार पर वाहन (7) विद्युत एवं प्लंबिंग सामग्री (8) कम्प्यूटर / सीसीटीव्ही/ सार्प फोटोकॉपी मशीन/आरओ मरम्मत एवं रख-रखाव (9) केश कर्तन (10) गणवेश धुलाई एवं प्रेस (11) खाली टीन / रद्दी कागज एवं किताबों की बिक्री हेतु पंजीकृत फर्मों से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म एवं अन्य जानकारी व सामग्री सूची कार्यालय प्राचार्य, पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय - धरमपुरा - 2, जगदलपुर, जिला- बस्तर (छ.ग.) से दिनांक 20.06.2024 से 30.06.2024 प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक कार्यालयीन कार्य दिवस में रू. 300/- नगद जमा कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा फार्म एवं अन्य जानकारी विद्यालय के डाउनलोड वेबसाईट-https://navodaya.gov.in/nvs/nvs-school / BASTAR/en/home/ से भी डाउनलोड किया जा सकता है। डाउनलोड किया हुआ फार्म का मूल्य रू0 300/- प्रति निविदा की दर से अलग से डीडी/बैंकर्स चेक के माध्यम से जमा कर सकते हैं। पूर्णरूपेण भरी हुई मुहरबंद निविदाएं विद्यालय में निर्धारित धरोहर राशि सहित जो प्राचार्य, जवाहर नवोदय विद्यालय बस्तर के पक्ष में हो एवं भारतीय स्टेट बैंक की ठाकुर रोड जगदलपुर शाखा के कोड-30406 में देय हो, दिनांक 30.06.2024 सायं 05:00 बजे तक Technical Bid and Financial Bid पृथक पृथक लिफाफे में विद्यालय में रखे टेण्डर बॉक्स में अथवा रजिस्टर्ड डाक द्वारा जमा कराया जा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त निविदा प्रपत्र स्वीकार नही किया जावेगा तथा डाक के विलंब की जवाबदारी निविदाकर्ता की होगी। प्राप्त निविदाएं दिनांक 01.07.2024 को प्रातः 11:00 बजे विद्यालय क्रय सलाहकार समिति एवं उपस्थित निविदाकर्ताओं के समक्ष प्राचार्य कक्ष में खोला जायेगा।

**प्राचार्य**
**जवाहर नवोदय विद्यालय - बस्तर**



## खबर संक्षेप

### शिविर के लिए नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार जन समस्या निवारण शिविर के लिए नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये है। जिसमें जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन जनसमस्या निवारण शिविर के जिला स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये है। इसी प्रकार जनपद स्तर पर जनपद सीईओ सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये है। ज्ञात हो कि जनसमस्या निवारण शिविर के माध्यम से विभाग प्रमुख अपने-अपने विभाग के योजनाओं की जानकारी जन समस्या निवारण शिविर में देंगें। जिससे ग्रामीणों को शासन-प्रशासन की सभी प्रकार की योजनाओं की जानकारी मिलेगी। कटेकल्याण विकासखण्ड अन्तर्गत 28 जून को भूसारास में, दन्तेवाड़ा विकास खण्ड अन्तर्गत 11 जुलाई को मेटापाल में, गीदम विकासखण्ड अन्तर्गत 25 जुलाई हितामेटा में शिविर आयोजित किया जायेगा। इसी प्रकार अगस्त महीने में कुआकोंडा विकास खण्ड अन्तर्गत चोलनार 8 अगस्त को, कटेकल्याण में तुमकपाल 22 अगस्त को, जारम में 12 सितंबर को, छिन्दनर में 26 सितंबर को, समेली 10 अक्टूबर, टेटम में 24 अक्टूबर को, तोयलंका 14 नवंबर को, रोंजे में 28 नवंबर को, गोंगपाल में 12 दिसंबर तथा चिकपाल 26 दिसंबर को जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जायेगा।

### संभागीय शतरंज प्रतियोगिता 29 से

**जगदलपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहयोग तथा प्रदेश शतरंज संघ के मार्गदर्शन में 29 और 30 जून को प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम में संभागीय शतरंज प्रतियोगिता होगी। बस्तर से 400 खिलाड़ियों के भाग लेने की उम्मीद है। प्रतियोगिता चार कैटेगरी में आयोजित होगी। अंडर 9, अंडर 15, अंडर 19 तथा सीनियर वर्ग। इसमें 3 साल के बालक, बालिका से लेकर सभी उम्र के महिला और पुरुष भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में पचास हजार की ईनाम राशि के अलावा ट्रॉफी और मोमेंटो प्रदान किए जाएंगे। कलेक्टर के मुख्य आतिथ्य में और एसपी के विशिष्ट आतिथ्य में प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जाएगा। पद्मश्री धर्मपाल सैनी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। 28 जून शाम तक इंट्री दी जाएगी। बस्तर जिले से बाहर के खिलाड़ियों के आने-जाने ठहरने एवं खाने की व्यवस्था समिति द्वारा की जाएगी। यह जानकारी जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष शशांक श्रीधर ने दी है।

### केरल दौरे पर विधायक चैतराम अटामी...




**गीदम।** विधायक चैतराम अटामी केरल दौरे पर है। इस दौरान वह जल समृद्धि मिशन अंतर्गत केरल के कट्टकडा जिले के कट्टकडा ब्लॉक में भू-जल स्तर एवं जल संवर्धन का सभी ग्राम पंचायतों में जानकारी एवं अध्ययन करने पहुंचे है एवं जल संवर्धन के बारे में जानकारी प्राप्त कर रहे है। दंतेवाड़ा विधानसभा किसान बाहुल्य है, इसका उपयोग कैसे दंतेवाड़ा के कृषि के क्षेत्र में लाभदायक हो, इस हेतु विधायक चैतराम अटामी प्रयासरत है।

## शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूलों में कैरियर मार्गदर्शन के संबंध में कार्यशाला

# पढ़ाई का कोई दूसरा विकल्प नहीं : सीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



जिले अंतर्गत जिले के 29 हायर सेकेण्डरी स्कूलों के टॉप 100 स्थान प्राप्त विद्यार्थियों का कैरियर मार्गदर्शन के सम्बन्ध में 24 जून को जिला ग्रंथालय दंतेवाड़ा में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी सहित जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, एसडीएम जयंत नाहटा ने बच्चों को भविष्य में आगे बढ़ने

■ **बच्चों को भविष्य में आगे बढ़ने के विभिन्न रास्ते बताए गए**

के विभिन्न रास्ते बताए और कहा कि जिला प्रशासन सदैव आपके साथ है। आप लोग बस पढ़ाई करने में कोई कसर मत छोड़िए, लक्ष्य निर्धारित कर जमकर मेहनत कीजिए। आप जिस भी प्रोफेशन को चुनते है, उसके बारे में विस्तार से जानने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन हमेशा आपके साथ खड़ा है। दंतेवाड़ा जिले के सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत 20 स्कूलों के 12वीं के उत्तीर्ण 107 बच्चों ने इस कार्यशाला का लाभ लिया। जिला कलेक्टर ने उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सीईओ जिला पंचायत ने कहा की पढ़ाई का कोई दूसरा विकल्प नहीं है। मेहनत में कोई कमी न रहे, परिणाम हमेशा अच्छे होंगे।

साथ ही जिले में संचालित तमाम कोचिंग सेंटरों का लाभ लेकर आगे बढ़ने को कहा। एसडीएम जयंत नाहटा ने बताया कि हताशा को कभी खुद पर हावी होने न दे, टाईम टेबल सुनिश्चित करें। पढ़ाई के घंटे सुनिश्चित करें, एक ग्राफ तैयार करें जिसे नीचे न उतरने दे और अगर असफलता भी मिल गई तो उसे चुनौती की भांति स्वीकार करें। क्या कमी रह गई, उस पर अधिक फोकस कर आगे बढ़े। इस प्रकार इस मार्गदर्शन कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी एसके. अम्बस्ता, ने जिले द्वारा चलाई जा रही छात्र हित की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस पूरे कार्यक्रम में डीएमसी सोरी, एडीपीओ नेहा नाथ, लक्ष्य के प्रभारी अरविंद, विभिन्न संस्थाओं के प्राचार्य एवं जिला परियोजना कार्यालय के सभी स्टाफ व प्रभारी शिक्षक उपस्थित रहें।

### पंचायत स्तर पर चल रहे आवास निर्माण को समय-सीमा के भीतर पूरा करें

दंतेवाड़ा। जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। बैठक के दौरान जिले के चारों विकासखण्डों में चल रहे प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्यों का समीक्षा कर आवास को त्वरित समय-सीमा में करने के साथ ही प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किस्त प्राप्त आवासों को 31 जुलाई तक पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देशित भी किया गया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि लाभुक जो आवास निर्माण पूर्ण नहीं कर रहे हैं, उनके विरुद्ध कार्रवाई करने की बात कही गई। इस योजना का लाभ जरूरतमंदों को समय पर मिले, यही प्राथमिकता होनी चाहिए। आवास के अभाव में विपरीत मौसम व परिस्थितियों में जरूरतमंदों को बहुत सी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, इसलिए लाभुकों के प्रति संवेदनशील बनें। उनका आवास समय पर पूरा कराए। लगातार आवास निर्माण के प्रगति की मॉनिटरिंग करते रहने के निर्देश दिये गये। जिले के प्रधानमंत्री आवास पूर्ण कराने का कुल लक्ष्य 11179 स्वीकृत किया गया था, जिसमें पूर्ण आवास 8667 और अपूर्ण 2512 है। जिसका प्रतिशत 77.53 है। बैठक में एसडीएम जयंत नाहटा सहित अन्य अधिकारी एवं सचिव, सरपंच, रोजगार सहायक, तकनीकी सहायक, सब इंजीनियर उपस्थित थे।

## जाने वाली यात्री बसों का अग्निशमन यंत्र खराब





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

संभागीय मुख्यालय से रायपुर, कोंटा, किरंदुल, बीजापुर, भोपालपटनम, विशाखापटनम, उड़ीसा जाने वाले यात्री बसों में अग्निशमन यंत्र खराब है। जिससे यात्रियों को बस में आग दुर्घटना होने की संभावना बढ़ी। इस पर सभी

■ **आगजनी और दुर्घटना की संभावना बढ़ी**

सड़कों में परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी की टीम की ओर से चल रही यात्री बसों की जांच की जा रही है। जांच के दौरान टीम को कुछ यात्री बसों में अग्निशमन यंत्र खराब मिले, जिस पर टीम ने जुर्माना की कार्रवाई की। उड़नदस्ता प्रभारी की टीम की ओर से सड़कों में यात्री बसों की जांच की सूचना मिलते ही चालक दूसरे रोड से भाग रहे और कुछ चालकों ने बहाना कर जांच से पूर्व की बस को रोके रखा। यात्रियों ने बताया कि बस मालिकों एवं चालकों की मनमानी से जांच के दौरान बस को रोका जा रहा है, जिससे उन्हें समय पर गंतव्य में पहुंचने परेशानी हो रही है।

### यात्री बसों की हो रही जांच

*परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी एवं निरीक्षक एसके झा ने बताया कि यात्री बसों में अग्निशमन यंत्र खराब होने से आग दुर्घटना की संभावना बढ़ने से जांच की जा रही है। परिवहन नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जा रही है।*

# लंबे समय तक याद किये जाएंगे बड़े बाबू नायक : राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




रेल विभाग में 36 वर्ष तक सेवा देने वाले जगदलपुर रेलवे स्टेशन के एसएमआर (सीनियर स्टेशन मैनेजर) मानस रंजन नायक ठीक एक सप्ताह बाद सेवा निवृत्त होंगे। रिटायर के 8 दिन पहले रेलवे में कार्यरत उनके सहकर्मी ईस्ट कोस्ट

■ **रेलवे श्रमिक यूनियन ने सेवानिवृत्ति पर दी विदाई**

रेलवे श्रमिक यूनियन ब्रांच जगदलपुर के तत्वावधान में यूनियन ऑफिस परिसर में विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया।

नायक और उनकी पत्नी को शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस दौरान आतिशबाजी की गई। विदाई कार्यक्रम में एआईआरएफ के वरिष्ठ पदाधिकारी व डिवीजन के पदाधिकारी उपस्थित हुए। पदाधिकारी ने कहा बड़े बाबू नायक लंबे समय तक याद रखे जाएंगे। रेलवे के प्रति समर्पित कर्मी हमेशा रेलवे और अपने सहकर्मियों की चिंता करने वाले नायक बाबू और उनके परिवार के सभी सदस्य स्वस्थ रहे, भविष्य उज्वल रहे यही कामना करता हूं। पूर्व तट रेलवे श्रमिक यूनियन ब्रांच जगदलपुर के सचिव विलास रुद्र ने कहा मैंने अपने सेवा कार्यकाल के 20 वर्षो में ऐसे अधिकारी नही देखा जो हर समय अपने सहकर्मियों की चिंता की।

कभी भी उनके पास किसी भी समस्या को लेकर जाने पर वे उसे उस समय तक चैन से नही रहते जब तक उसे पूरा नही करते। रुद्र ने बताया 36 वर्षो की सेवाकार्य काल मे उनके ऊपर एक आरोप नही लगा। वे ईमानदारी के चलते बेदाग रहे। इस दौरान पूर्वतट रेलवे श्रमिक यूनियन आल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के असिस्टेंट सेक्रेटरी दामोदर राव, डिविजननल कोऑर्डिनेटर पी. राम मोहन राव, सेंटर ऑफिस बियारोर चक्रवती, ब्रांच सेकेट्री विलास रुद्र, अध्यक्ष दुर्गा रसद, नागेश राव, देवेंद्र समेत बड़ी संख्या में रेलवे कर्मी और उनके परिवार के सदस्य सम्मलित थे।

### मेरी पहचान रेल विभाग ने दी

एसएमआर नायक सहकर्मियों के स्नेह और प्यार से भावुक हो गए। उन्होंने कहा आज जो भी है, रेल विभाग की वजह है। मेरी पहचान रेल विभाग से है। बस्तर के विभिन्न स्टेशन में काम करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा यहां के लोग सरल और व्यवहार कुशल के है।

## साप्ताहिक बाजार में बिक रहा 200 में एक झूड़ी फुटू

*प्याज महंगी होने से गृहणियों की रसोई का बिगड़ा बजट*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



मौसम खुला होने से संभागीय मुख्यालय में इस रविवार को रौनक दिखी। वहीं बाजार में फुटू 200 रूपए में एक जूड़ी बिक रहा है, महंगा होने के बाद भी लोग ले रहे हैं। फुटू बेच रही महिलाओं ने बताया जा रहा है कि फुटू नारायणपुर क्षेत्र के जंगलों से लाया गया है, इसलिए महंगा बिक रहा है। नानगुर का बोड़ा 300 रूपए में बिक रहा है। साथ ही प्याज महंगी होने से गृहणियों के रसोई का बजट बिगाड़ गया है। साप्ताहिक बाजार में टमाटर 50-60, फूलगोभी 50, पत्तागोभी 30, शिमला मिर्च 60, हरी मिर्च 50, भिंडी 30, भट्टा 50, बरबटी 40, करेला 50, आलू 40, प्याज 50, अदरक 200, लहसून 200 रुपए किलो, लालभाजी 20 रूपए में 12 जूड़ी बिक रही है।

### टमाटर हुआ महंगा

बारिश एवं अंधड़ से टमाटर की फसल खराब होने के चलते लोकल टमाटर गायब हो गया और कर्नाटक से पहुंच रहा टमाटर महंगा हो गया है। हालांकि वर्तमान में बिना छांटे 50 रूपए एवं अच्छे टमाटर 70 रूपए किलो में बिक रहा है। व्यापारियों ने बताया कि बाजार में बेंगलोर से शहर में रोज 5 ट्रक पहुंच रहा है। यहीं लोकल टमाटर होने से सस्ता होने की संभावना है।

# योग को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



योग की हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है और योग से हमारा बौद्धिक व शारीरिक विकास होता है। इसलिए योग को हमें अपनी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए। उक्त बातें न्यायाधीश गितेश कुमार कौशिक मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने योग दिवस के अवसर पर कही।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुकमा के न्यायालय परिसर में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के परिप्रेक्ष्य में व्यवहार न्यायालय सुकमा के प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। जिसमें गितेश कुमार कौशिक मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, उत्कर्ष भारती अभियोजन अधिकारी, वरिष्ठ अधिवक्ता कैलाश जैन, बिचेम पोंदी, पोड़ियाम भीमा एवं कनिष्ठ अधिवक्ता राजेन्द्र मड़कम, उमेश मरकाम, जोगा वंजामी व न्यायालय के समस्त कर्मचारीगण राकेश गगन नाथ, प्रेमनारायण मंडावी, वेदप्रकाश पुजारी, रवि नाग, मुन्ना यादव एवं पुलिसकर्मी उपस्थित होकर उक्त योग दिवस में भाग लेकर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। उक्त योग दिवस में मास्टर ट्रेनर अकबर खान के द्वारा विभिन्न योगासन कराया गया। साथ ही योगासन के विभिन्न फायदे के बारे में बताया गया। जैसे योग न केवल हमारे शरीर की मांस पेशियों को अच्छा व्यायाम देता है, बल्कि यह हमारे दिमाग को शांत रखने में भी मदद करता है।

चिकित्सा अनुसंधान से पता चला है कि योग शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से अच्छे स्वास्थ्य को बनाये रखने में मदद करता है। योग तनाव से राहत प्रदान करता है और बेहतर नींद, भूख और पाचन के लिए सहायक सिद्ध होता है। प्रशिक्षक द्वारा अपने दैनिक दिनचर्या में प्रतिदिन सुबह योगासन करने की भी सलाह दी गई।

### योग को बनाए दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा

*अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए न्यायाधीश गितेश कुमार कौशिक ने कहा कि योग की हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है और योग से हमारा बौद्धिक व शारीरिक विकास होता है। इसलिए योग को हमें अपनी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने योग दिवस पर लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग परंपरा को हमें अपनी आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना होगा। ताकि वह अपने स्वास्थ्य एवं उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर देश, प्रदेश व समाज के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकें।*

### योग जीवन का एक हिस्सा है : कैलाश

*वरिष्ठ अधिवक्ता कैलाश जैन ने कहा कि लोग अपनी याद शक्ति या कहें मेमोरी बढ़ाने के लिए टेक्निक डेवलप करते हैं। जब लोग उसको फॉलो करते हैं तो उनकी भी मेमोरी बढ़ती जाती है। वैसे ही किसी भी काम में मन लगाने की आदत, ध्यान केंद्रित करने की आदत, फोकस, तरीके से काम करने की आदत उत्तम से उत्तम परिणाम देती है। स्वयं का विकास करती है। कम से कम थकान से ज्यादा से ज्यादा संतोष मिलता है। उन्होंने कहा कि एक काम करते हैं और 10 जगह पर हमारा ध्यान भटकता है, तो उसकी वजह से थकान होती है। अगर आप योग को अपने जीवन से जोड़ेंगे, तो मैं पक्के तौर पर मानता हूं कि इससे आपको फायदा होगा।*

## प्रथम चरण में जिले की 5 से अधिक ग्राम पंचायतें होंगी धूम्रपान मुक्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत मितानिन कार्यक्रम के जिला समन्वयक, ब्लॉक समन्वयक एवं स्वास्थ्य पंचायत समन्वयकों के लिए जगदलपुर में एक दिवसीय संभाग सत्रीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में राज्य मास्टर ट्रेनर डॉ. शिल्पा जैन द्वारा तम्बाकू के हानिकारक प्रभावों एवम तम्बाकू नशा मुक्ति केंद्र की सेवाओं की जानकारी दी।

तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम की राज्य सलाहकार डॉ. नेहा साहू द्वारा राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम एवम तम्बाकू नियंत्रण की दिशा में मितानिनों की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। राज्य कार्यक्रम समन्वयक डॉ. शैलेंद्र मिश्रा द्वारा धूम्रपान मुक्त पंचायत के दिशा निर्देश की जानकारी दी गई। संभागीय सलाहकार प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा बस्तर संभाग के जिलों में तम्बाकू उपयोग की स्थिति सहित कोटपा 2003 के प्रावधानों की जानकारी दी गई।

### नियंत्रण पर दिए सुझाव

प्रशिक्षण कार्यक्रम में बस्तर जिले के मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके चतुर्वेदी एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. रीना लक्ष्मी द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को तम्बाकू नियंत्रण की दिशा में बेहतर प्रयास करने हेतु सुझाव दिया गया।

### जुताई, मिंजाई तथा समतलीकरण जैसे कार्यों के लिए शासन ने की ट्रैक्टर दर निर्धारित

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन के मार्गदर्शन पर सहायक कृषि अभियंता कृषि अभियांत्रिकी के द्वारा कृषि कार्य के लिए विभागीय मशीन, उपकरणों के निर्धारित दर का निर्धारण किया गया है। जिसमें व्हील टाईप (40 अश्वशक्ति तक) अ,एमबी.प्लाउ, कल्टीवेटर, सीडड्रिल, लेबलर ब, रोटावेटर की निर्धारित दर कृषि कार्य के लिए 360 रुपए, 395 तथा कृषि कार्य के लिए 450 रुपए निर्धारित किया गया। इस प्रकार व्हील टाईप ट्रेक्टर (41 से 55 अश्व शक्ति तक) अ,एमबी.प्लाउ, कल्टीवेटर, सीडड्रिल, लेबलर ब, रोटावेटर की निर्धारित दर कृषि कार्य के लिए 450 रुपए, 485 तथा अकृषि कार्य के लिए 570 रुपए निर्धारित, व्हील टाईप डोजर, पैड्डी थ्रेसर (40 अश्व शक्ति तक 41 से 55 अश्व शक्ति तक) तथा पावर टिलर 170 रुपए निर्धारित किया गया है। इसके अलावा उपलब्ध मशीनों के संबंध में अधिक जानकारी के लिए यांत्रिक सहायक मनीश पाण्डे से संपर्क कर जानकारी ले सकते है।



## टीम ने श्रम निषेध अधिनियम का पांपलेट बांटा

# बासागुड़ा में मना बाल श्रम निषेध दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



जिला के विकासखण्ड उसूर के आवापल्ली, बासागुड़ा में बालश्रम निषेध अंतर्गत राज्य शासन से प्राप्त निर्देशानुसार 21 जून से कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने बालश्रम निषेध दिवस पर बचपन लौटाये, काम छुड़ाये, पाठशाला में लाये, उज्ज्वल भविष्य बनाये, चलाने के लिये जिला कार्यक्रम अधिकारी लुपेन्द्र महिनाग को निर्देशित किया है।

इस पर आईसीपीएस श्रम विभाग एवं पुलिस विभाग की टीम द्वारा शहर में बाल श्रम निषेध दिवस का प्रचार-प्रसार किशोर न्याय अधिनियम, श्रम निषेध अधिनियम का पांपलेट बांटते हुए दुकान, होटल, ढाबों में जाकर निरीक्षण किया गया कि श्रमिकों अथवा नौकरों के रूप में बच्चों को नियोजन तो नहीं किया जा रहा है। साथ ही बाल मजदूरी के खिलाफ जागरूकता फैलाने और 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को इस काम से निकालकर उन्हें शिक्षा दिलाने की ओर अग्रसर करने को कहा गया। अगर 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को कारखानों, होटल एवं ढाबों, घरेलू कामगार, ईंट भट्टी, खपरैल निर्माण, घर निर्माण कार्य और गैरेज में काम करवाये जाने वाले लोगों पर बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम 1986 संशोधित अधिनियम 2016 के अंतर्गत 6 माह से 3 वर्ष तक का कारावास या 20 हजार से 50 हजार तक का जुर्माना या दोनों से दंडित करने का प्रावधान है, यह जानकारी भी प्रचार-प्रसार के दौरान दी गई।

इस दौरान नवीन कुमार मिश्रा संरक्षण अधिकारी, कल्याण निरीक्षण, दानेश्वर साहू, संदीप चिड़ेम सामाजिक कार्यकर्ता, राजेश मडे आउटरीच वर्कर एवं राजूराम कश्यप आउटरीच वर्कर उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्पेशल ट्रेन से



21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024
सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 30,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
संपर्क करें:-7354-411411